KRISHI VIGYAN KENDRA, ARIYARI, SHEIKHPURA

BIHAR AGRICULTURAL UNIVERSITY, SABOUR, (BHAGALPUR)

Email : kvksheikhpura@gmail.com sheikhpurakvk@gmail.com

Phone No.:- 06341-247317 Mob : No. :- 9472130309

भाकृअनुप
ICAR

File No. ....../ KVK, Sheikhpura/ 2023-24 Letter No.:-......... / Date :-...............

दिनांक 20.09.2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के सभागार में निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर की अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का कार्यवाही प्रतिवेदन

उपस्थिति– वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक से संबंधित पंजी में संधारित

दिनांक 20.09.2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के सभागार में निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर की अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे शुरू हुई। बैठक के प्रारंभ में कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा बैठक की अध्यक्षता कर रहे निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समिति के अन्य सम्मानित सदस्यों का स्वागत बुके देकर किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत की गयी। बैठक का स्वागत उद्बोधन केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक द्वारा किया गया। इसके पश्चात् वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा विगत वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुपालन प्रतिवेदन पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिसकी सम्पुष्टि माननीय अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों द्वारा की गयी। तदोपरान्त अगस्त 2023 से अगस्त 2024 के बीच कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा के उपरान्त पूर्व निर्धारित एजेंडा के सभी बिन्दुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई एवं उसके आलोक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए।

(1) प्रतिवेदन प्रस्तुति में जिला से संबंधित सूचना को शामिल करना सुनिश्चित किया जाय।
(कियान्वयन– वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान)

(2) प्रत्येक तीन महीने का प्रशिक्षण कैलेण्डर बना कर सभी संबंधित विभाग को भेजना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही प्रशिक्षण कैलेण्डर किसानों की आवश्यकता आधारित होनी चाहिए।
(कियान्वयन– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)

(3) प्रशिक्षित किसानों की संख्या में अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित डाटा को भी दर्शाना सुनिश्चित किया जाय। (कियान्वयन– प्रभारी पदाधिकारी प्रतिवेदन)

(4) जिला के लिये की जाने वाली पौधा संरक्षण संबंधी अनुशंसा में कृषि विज्ञान केन्द्र की अनुशंसा शामिल कर किसानों को उपलब्ध करायी जाय।
(कियान्वयन– विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यान/विषय वस्तु विशेषज्ञ, शस्य विज्ञान)

(5) सभी लाइन डिपार्टमेंट और कृषि विज्ञान केन्द्र का एक व्हाट्सअप ग्रुप बनाया जाय जिससे सूचनाओं का संचार ससमय किया जा सके। (कियान्वयन–वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान)

(6) ड्रोन प्रशिक्षण, मशीन मेंटेनेंस आदि विशेष प्रशिक्षण के इच्छुक किसानों को प्रशिक्षण हेतु बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यकम में भेजना सुनिश्चित किया जाय।
(कियान्वयन– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)

Scanned with OKEN Scanner

KRISHI VIGYAN KENDRA, ARIYARI, SHEIKHPURA
BIHAR AGRICULTURAL UNIVERSITY, SABOUR, (BHAGALPUR)
Email : kvksheikhpura@gmail.com sheikhpurakvk@gmail.com
Phone No.:- 06341-247317 Mob : No. :- 9472130309

भाकृअनुप
ICAR

(7) बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के यूट्यूब चैनल का प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाय। साथ ही बीएयू डॉक्टर, रेडियोटॉक आदि एप्लीकेशन के बारे में किसानों को जागरूक करना सुनिश्चित करें।
(कियान्वयन–सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)

(8) बीएयू किसान हेल्पलाईन का नम्बर प्रत्येक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर डलवाना सुनिश्चित किया जाय।
(कियान्वयन– प्रभारी पदाधिकारी, प्रतिवेदन)

(9) ग्रामीण युवक/युवतियों हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पौधा संरक्षण विभाग एवं बैंकर्स को आमंत्रित करना सुनिश्चित किया जाय।
(कियान्वयन– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)

(10) प्रशिक्षण कार्यक्रम में FPO के सदस्यों को शामिल करना सुनिश्चित किया जाय।
(कियान्वयन– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)

(11) वैज्ञानिकों एवं किसानों के बीच होने वाले बीएयू के सवाल–जवाब शेड्यूल को हर जगह नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित किया जाय।
(कियान्वयन– प्रभारी पदाधिकारी, प्रतिवेदन)

(12) लाइब्रेरी की स्थापना के लिए 10 पंचायत के सामुदायिक भवन चयनित कर के० वी० के० एवं विश्वविद्यालय के प्रकाशन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।
(कियान्वयन– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ)

अंत में श्री नवीन कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यान द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा की समाप्ति की गयी।

Memo No. 08.. dt. 16.10.24....

प्रतिलिपि– निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि–निदेशक, अटारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– सभी वैज्ञानिक/कर्मचारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

16/10/2024

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा

Scanned with OKEN Scanner